**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**1st Terminal Examination : (2025-2026)**

**Class:- 11** | **Subject:- Hindi**
Time:- 3 Hours | Total :- 80 Marks
Name of the student: | Roll: Sec:

---

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**खंड – अ (अपठित बोध), अंक - 18**

1. **अपठित काव्यांश के आधार पर सही विकल्प लिखिए** :- **8**

आँखें खोलकर ज़रा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
जहाँ मज़दूर पत्थर तोड़कर रास्ता तैयार कर रहे हैं
तेरा देवता वहीं चला गया है।
वे धूप-बरसात में एक समान तपते-झुलसते हैं,
अपने दोनों हाथ मिट्टी से सने हैं
उनकी तरह सुंदर परिधान त्याग कर मिट्टी भरे रास्तों से जा।
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
भजन, पूजन, साधन को किनारे रख दें।
मुक्ति! मुक्ति अरे कहाँ है ?
कहाँ मिलेगी मुक्ति ?
अपने सृष्टि-बंध से प्रभु स्वयं बँधे हैं।
ध्यान-पूजा को किनारे रख दें,
फूल की डाली को छोड़ दें,
वस्त्रों को फटने दें, धूल-धूसरित होने दें,
उनके साथ काम करते हुए पसीना बहने दे।

क) प्रस्तुत कविता में 'आँखें खोलने' का क्या अभिप्राय है ? **1**
1) जागना 2) पलकें बिछाना 3) सचेत होकर यथार्थ को जानना 4) निद्रा का त्याग करना

ख) कवि किस आडंबर को त्यागने के लिए कह रहा है ? **1**
1) पर्वत पर समाधि लगाने को 2) भजन, पूजन, साधन को
3) व्रत रखने को 4) सुंदर वस्त्र पहन मंदिर में जाने को

ग) 'कहाँ मिलेगी मुक्ति ?' – में कौन-सा अलंकार है ? **1**
1) उपमा 2) रूपक 3) अनुप्रास 4) श्लेष

घ) कवि के अनुसार 'ईश्वर' स्वयं किस भाव से प्रसन्न होते हैं ? **1**

ङ) देवता मंदिर को छोड़कर कहाँ चला गया है ? **2**

च) 'फूल की डाली छोड़ ने' से कवि का क्या अभिप्राय है ? **2**

**2. अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए** :-- **10**

किसी छोटी-सी बात पर नाराज़ होकर महाराज प्रसिचेत ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। उनके इस अहंकारपूर्ण कृत्य से दुखी होकर राज पुरोहित ने उनका साथ छोड़ दिया। धीरे-धीरे यह बात पूरे राज्य में फ़ैल गई। यह बात प्रजा के कानों तक पहुँची। लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। 'जो राजा अपने सौम्य, सरल, स्वजन संबंधी की रक्षा नहीं कर सकता, वह प्रजा की रक्षा क्या

करेगा ?' लोग राजा की आज्ञाओं का उल्लंघन करने लगे। इस स्थिति का लाभ उठाकर पड़ोसी राजा ने आक्रमण कर दिया। प्रसिचेत सेना लेकर शत्रु का मुकाबला करने के लिए चल पड़े। मार्ग में महर्षि अंगिरा का आश्रम पड़ता था। वह महर्षि से मिलने के लिए रुके। पहले तो महर्षि ने शासकोचित स्वागत तैयारी की, पर तभी उन्हें पता चला कि महाराज ने रानी का परित्याग कर दिया है, तो उन्होंने स्वागत की सारी तैयारियाँ स्थगित कर दीं और उनकी आवभगत एक साधारण नागरिक की तरह की। राजा ने साधारण स्वागत का कारण पूछा, तो महर्षि ने कहा, राजन! पत्नी का परित्याग करना अधर्म है और यह अधर्म करने से पति की मर्यादा वैसी ही नष्ट हो जाती है जैसे आप की। एक राजा के नाते आपको गृहस्थ और पारिवारिक जीवन में भी उच्च आदर्श प्रस्तुत करने चाहिए। लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। इसलिए आप प्रजा की नज़र में भी गिर गए। वैसे देर अब भी नहीं हुई है। आप इसे सुधार सकते हैं। महर्षि की बात सुनकर राजा को अपने किए पर पछतावा हुआ। उसने रानी को वापस बुलाया और अपने व्यवहार के लिए क्षमा माँगी।

1) राजपुरोहित ने महाराज प्रसिचेत का साथ क्यों छोड़ा ? **1**

1) राजा उसे सम्मान नहीं देते थे　　2) राजा अहंकारी था

3) राजा ने अपनी पत्नी का परित्याग कर दिया　　4) राजा दंभी था

2) पड़ोसी राजा ने प्रसिचेत के राज्य पर आक्रमण क्यों किया ? **1**

1) राजपुरोहित के अभाव के कारण　　2) प्रजा के अविश्वास के कारण

3) अव्यवस्था के कारण　　4) पत्नी को निकालने के कारण

3) महर्षि के अनुसार प्रसिचेत की मर्यादा नष्ट होने का क्या कारण था ? **1**

1) उन्हें पता नहीं था कि प्रसिचेत राजा हैं　　2) प्रसिचेत की बदनामी सुनने पर

3) रानी को छोड़ने की बात सुनकर　　4) प्रजा की बातें सुनने पर

4) मार्ग में किसका आश्रम था ? **1**

5) लोग राजा के बारे में तरह-तरह की बातें क्यों करने लगे ? **2**

6) महर्षि ने राजा के साधारण स्वागत के बारे में क्या बताया ? **2**

7) राजा ने किस प्रकार पश्चाताप किया ? **2**

## खंड – 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम), अंक - 22

**3. किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए :-** **6**

क) इंटरनेट　　ख) मेरे प्रिय कवि　　ग) परोपकार

**4. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए :-** **4 x 2 = 8**

क) समूह संचार किसे कहते हैं ? इसके दो उदाहरण दें ।

ख) वैकल्पिक मीडिया से आप क्या समझते हैं ?

ग) अंशकालिक पत्रकार कौन होता है ? लिखिए।

घ) प्रेस-विज्ञप्ति क्या है ?

ङ) पटकथा के अनुसार निर्देशक क्या करता है ?

**5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए :-** **3**

' परीक्षा में आप अनुत्तीर्ण हो गए हैं ' – इसके लिए एक डायरी तैयार कीजिए ।

***अथवा***

भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक संबंध के बारे प्रेस-विज्ञप्ति जारी करें ।

6. सड़कों की खराब दशा की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । **5**

***अथवा***

स्कूल बस में सीट न मिलने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

## खंड – 'ग' (आरोह और वितान – भाग – 1), अंक - 40

**7. <u>पठित गद्यांश के आधार पर सही विकल्प लिखिए</u> :--** **5 × 1 = 5**

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती हैं। लेटे-ही-लेटे गर्व से बोले – चलो, हम आते हैं। यह कहकर पंडित जी ने बड़ी निश्चिंतता से पान के बीड़े लगाकर खाए, फिर लिहाफ़ ओढ़े हुए दारोगा के पास आकर बोले – बाबू जी, आशीर्वाद! कहिए, हमसे ऐसा कौन-सा अपराध हुआ कि गाड़ियाँ रोक दी गईं। हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपा-दृष्टि रहनी चाहिए। वंशीधर रुखाई से बोले – सरकारी हुक्म!

क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ का अंश है ?

1) गलता लोहा 2) मियाँ नसीरुद्दीन 3) विदाई – संभाषण 4) नमक का दारोगा

ख) पंडित अलोपीदीन का किस पर अखंड विश्वास था ?

1) सरस्वती 2) लक्ष्मी 3) दुर्गा 4) काली

ग) 'न्याय और नीति किसके खिलौने हैं ?

1) पार्वती 2) सरस्वती 3) लक्ष्मी 4) दुर्गा

घ) पंडित अलोपीदीन दारोगा के पास कैसे आए ?

1) चादर ओढ़े हुए 2) तौलिया ओढ़े हुए 3) दुपट्टे बाँधे हुए 4) रजाई ओढ़े हुए

ङ) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

1) मुंशी प्रेमचंद्र 2) कृष्णा सोबती 3) शेखर जोशी 4) बालमुकुंद गुप्त

**8. पठित काव्यांश के आधार पर सही विकल्प लिखिए :--** **5 × 1 = 5**

हाय रे, ऐसा न कहना,
है कि जो वैसा न कहना,
कह न देना जागता हूँ,
आदमी से भागता हूँ,
कह न देना मौन हूँ मैं,
खुद न समझूँ कौन हूँ मैं,
देखना कुछ बक न देना ,
उन्हें कोई शक न देना,
हे सजीले हरे सावन,
हे कि मेरे पुण्य पावन,
तुम बरस लो वे न बरसें,
पाँचवें को वे न तरसें ।

क) प्रस्तुत काव्यांश किस पाठ का अंश है ?

1) पथिक 2) घर की याद

3) चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती 4) वे आँखें

ख) 'पुण्य पावन' में कौन-सा अलंकार है ?

1) उपमा 2) रूपक 3) अनुप्रास 4) यमक

ग) सावन के लिए कौन-सा विशेषण का प्रयोग किया गया है ?

1) सजीले 2) हरे 3) पावन 4) सजीले, हरे और पावन सभी

घ) 'आदमी से भागता हूँ' – पंक्ति में कवि का क्या वर्णन हुआ है ?

1) पीड़ा 2) खुशी 3) उत्साह 4) अहंकार

ङ) प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन हैं ?

1) त्रिलोचन 2) कबीरदास 3) राम नरेश त्रिपाठी 4) भवानी प्रसाद मिश्र

**9. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए</u> :--** **2 × 2 = 4**

क) मानव शरीर का निर्माण किन पाँच तत्वों से हुआ है ?

ख) मीराबाई के रोने और खुश होने का क्या कारण है ?

ग) 'भुजा भाई, प्यार बहनें' का क्या आशय है ?

**10. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए</u> :-** **2 x 3 = 6**

क) ईश्वर के विषय में कबीर क्या कहते हैं ?

ख) कृष्ण को पाने के लिए मीरा ने क्या-क्या खोया ?

ग) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है ?

**11. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए</u> :--** **2 × 2 = 4**

क) बीते हुए जमाने और आज के जमाने के बारे में मियाँ नसीरुद्दीन की क्या राय है ?

ख) सत्यजीत राय को काशफूलों से संबंधित किस समस्या से जूझना पड़ा ?

ग) लॉर्ड कर्जन मूलतः जनविरोधी थे – सिद्ध कीजिए।

**12. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए</u> :-** **3 x 2 = 6**

क) 'नमक का दारोगा' पाठ का क्या संदेश है ?

ख) पुराने मकान में शूटिंग करने के कारण सत्यजीत राय को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

ग) लेखक विदाई के समय लॉर्ड कर्जन के मुख से क्या सुनना चाहता है ?

**13. <u>वितान -1 , के आधार पर दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें</u> :--** **5 × 2 = 10**

क) लेखक ने कला के क्षेत्र में किसे और क्यों चमत्कार माना है ?

ख) राजस्थान में कुंईयों को कुओं से अधिक महत्व क्यों दिया जाता है ?

ग) चेजारो अपने सिर की रक्षा कैसे करते हैं ?